संज्ञा

- जशाभाई — व्यक्ति ,पुरुष, प्राध्यापक के नाम
- सुरेशभाई
- करशनभाई

- भारत — देश के नाम
- अमेरिका
- पाकिस्तान

- बिल्ली — पशु-पक्षियों के नाम
- कुत्ता
- कौआ
- ये सब क्या है? ……………………..नाम

- दुनिया के सारे नाम व्याकरण की भाषा में संज्ञा है।

➢संज्ञा की परिभाषा-(1)वासुदेवनंदन प्रसाद

संज्ञा उस विकारी शब्द को कहते हैं जिससे किसी विशेष वस्तु अथवा व्यक्ति के नाम का बोध हो। (आधुनिक हिंदी व्याकरण और रचना)

(2)कामताप्रसाद गुरु-

वस्तु का नाम सूचित करने वाले शब्द को व्याकरण में संज्ञा कहते हैं। (संक्षिप्त हिंदी व्याकरण)

(3)डॉ. उमेशचन्द्र शुक्ल-

किसी वस्तु,व्यक्ति, प्राणी या पदार्थ अथवा इवके गुणाक्रियादिक धर्मो को सूचित करनेवाले शब्दों को संज्ञा कहते हैं। (हिंदी व्याकरण)

➢ **संज्ञा के प्रकार-** हिंदी व्याकरण में संज्ञा के **पॉच** प्रकार हैं

(1)व्यक्तिवाचक संज्ञा(2) जातिवाचक संज्ञा(3)समूहवाचक संज्ञा (4)द्रव्य वाचक संज्ञा(5)भाववाचक संज्ञा

(1)व्यक्तिवाचक संज्ञा-जिस शब्द से किसी एक वस्तु या व्यक्ति के नाम का बोध हो उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे-कृष्ण, हिमालय, काशी.....

दीमशित्स के अनुसार संज्ञा की सूची-

(1)व्यक्तियों के नाम- किशन,राधा,हिमांक...आदि
(2) दिशाओं के नाम- उत्तर.दक्षिण,पूर्व....आदि
(3) दिनों,महीनों के नाम-सोमवार, जनवरी.आदि
(4) नदियों के नाम- गंगा, सिंधु आदि
(5)नगरों,सड़कों के नाम- काशी, सरदार पटेल मार्ग आदि
(6)पर्वतों के नाम- हिमालय,गिरनार आदि..

(2)जातिवाचक संज्ञा-जिस शब्द से किसी **वस्तु या व्यक्ति की जाति के नाम का बोध** हो उसे जातिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे-नदी कहने से सभी प्रकार की नदियों का बोध होता है, किसी एक नदी का नहीं। निम्नलिखित उदाहरण-

(1) पदों,व्यवसायों, संबंधियों के नाम-प्राध्यापक, जुलाहा,भाई-बहन आदि
(2)पशु-पक्षियो के नाम- घोड़ा,मयूर, चातकआदि।
(3)प्राकृतिक तत्वों के नाम-बिजली, वर्षा, तूफान आदि।
(4) वस्तुओं के नाम- कलम,किताब,घड़ी।

(3)समूहवाचक संज्ञा-जिस शब्द से किसी **वस्तु या व्यक्ति के समूह के नाम का बोध** हो उसे समूहवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे-

(1)व्यक्तियों का समूह-सभा, दल,भीड़,संघ
(2)वस्तुओं का समूह-गुच्छा, लताकुंज।

(4)द्रव्यवाचक संज्ञा-जिस शब्द से **किसी नाप-तौलवाली अथवा ढेर राशी के नाम का बोध** हो उसे द्रव्यवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे-सोना,पानी,बाजरा।

(5)भाववाचक संज्ञा-जिस संज्ञा से **व्यक्ति या वस्तु के गुण,धर्म,या दशा अथवा व्यापार आदि के नाम का बोध** होता है,उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं।

(1)संज्ञाओं से-जशुगीरी,दादागीरी,बूढापा
(2)क्रिया से-दौड़ना-दौड़, सजाना-सजावट।
(3)अव्यय-दूर-दूरी,
(4)सर्वनाम से- अपना- अपनापन।

,,,,,,,,,.....